**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 19.09.2025 (दोपहर – 1455 बजे)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 बच्चों, किशोरियों और गर्भवती माताओं के पोषण में सुधार के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई प्रमुख पहल हैं। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का एक लेख साझा करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से, देश भर में फैले आंगनवाड़ी केंद्रों के विशाल नेटवर्क के माध्यम से लाखों लाभार्थियों को सहायता मिल रही है। उन्होंने आगे बताया कि ये योजनाएँ देश के लाखों बच्चों के भविष्य को आकार दे रही हैं।

********************

साहिबगंज में समाहरणालय परिसर से कुपोषण मुक्त जागरूकता रथ को उपायुक्त हेमंत सती ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथ के माध्यम से लोगों को संतुलित आहार, स्वच्छता, टीकाकरण और आंगनबाड़ी सेवाओं की जानकारी दी जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि कुपोषण उन्मूलन प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें सभी का सहयोग आवश्यक है।

********************

झारखंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बालकाल पर आधारित राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता लघु फिल्म चलो जीते हैं का प्रदर्शन रांची, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो और धनबाद के सिनेमाघरों में किया गया। रांची में सांसद आदित्य साहू और विधायक सीपी सिंह समेत युवाओं ने फिल्म देखी और इसे सभी के लिए प्रेरणादायक बताया। सांसद ने बताया कि प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 18 सितम्बर से पूरे राज्य में इस फिल्म का प्रदर्शन किया जा रहा है।

********************

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल के कारण तकनीक के इस्तेमाल में सभी को एकसमान बना दिया है। उन्होंने कहा कि अब, छोटे व्यापारियों से लेकर कॉर्पोरेट अधिकारियों तक सभी यूपीआई भुगतान प्रणाली का उपयोग करते हैं। एक राष्ट्रीय दैनिक में प्रकाशित लेख में श्री वैष्णव ने कहा कि तकनीक में कोई पद का क्रम नहीं होता। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन प्रधानमंत्री मोदी के अंत्योदय के मूल दर्शन को दर्शाता है, जो देश के दूरदराज के व्यक्ति तक पहुँचता है।

********************

रामगढ़ जिले में वन विभाग ने हाथियों के हमलों से बचाव, अवैध गतिविधियों पर रोक और पौधरोपण के साथ संरक्षण अभियान को बढ़ावा देने के लिए हाईटेक ड्रोन का इस्तेमाल शुरू किया है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

********************

श्री गुरु तेग बहादुर साहब जी के शहादत दिवस पर निकाली गई जागृति यात्रा का हजारीबाग के भारत माता चौक में श्रद्धा और उत्साह के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग और श्रद्धालु उपस्थित रहे, जहाँ गुरु वाणी का कीर्तन गूंज उठा और संगत ने गुरु साहब के बलिदान को नमन किया। यात्रा रामगढ़, धनबाद, कोलकाता और रांची होते हुए 2 अक्टूबर को फिर हजारीबाग नगर में प्रवेश करेगी।

********************

मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश स्थानों पर कल हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना जताई है। साथ ही गर्जन के साथ तेज हवा और आकाशीय बिजली को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। आज रांची सहित कई जिलों में दिन में धूप रही, जबकि दोपहर बाद हल्की बारिश की संभावना व्यक्त की गई है। पिछले 24 घंटे में रामगढ़ में सबसे अधिक 26.6 मिमी बारिश दर्ज की गई, वहीं सरायकेला का अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री और लातेहार का न्यूनतम तापमान 21 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

********************